प्रेस नोट जनपद बरेली।
दिनांक- 26.04.2026

“रिजर्व पुलिस लाइन्स, बरेली में दीक्षांत परेड का भव्य आयोजन, 783 महिला रिक्रूट्स शामिल”

आज दिनांक 26.04.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, बरेली के परेड ग्राउंड में 783 रिक्रूट महिला कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। **कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमित शर्मा अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली रहे। इस अवसर पर श्री अनुराग आर्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।** मंच का संचालन सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक श्री जगदीश पाटनी द्वारा किया गया।

उक्त परेड की फर्स्ट-इन-कमाण्ड सोनम, सेकण्ड-इन-कमाण्ड एकता तथा थर्ड-इन-कमाण्ड सीमा सारस्वत रहीं।

उक्त परेड में कुल 10 टोलियां सम्मिलित हुईं। टोली संख्या-01 की कमाण्डर निती शर्मा, टोली संख्या-02 की कमाण्डर अंजू, टोली संख्या-03 की कमाण्डर स्नेहा चौहान, टोली संख्या-04 की कमाण्डर ममता, टोली संख्या-05 की कमाण्डर शिवानी गर्ग, टोली संख्या-06 की कमाण्डर रिमझिम, टोली संख्या-07 की कमाण्डर कीर्ति, टोली संख्या-08 की कमाण्डर तनु, टोली संख्या-09 की कमाण्डर प्राची वर्मा तथा टोली संख्या-10 की कमाण्डर टीशा वर्मा राय रहीं।

मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य झलकियों में सभी 10 टोलियों द्वारा सुसंगठित एवं आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया गया। रिक्रूट महिला कांस्टेबलों ने अनुशासन, समर्पण एवं उत्कृष्ट प्रशिक्षण स्तर का परिचय दिया। मुख्य अतिथि श्री रमित शर्मा द्वारा दीक्षांत परेड का मान-प्रणाम ग्रहण कर सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया गया तथा मंच से गुजरती परेड की सलामी स्वीकार की गई।

समारोह के दौरान माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, श्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण (लाइव ब्रॉडकास्ट) किया गया। रिक्रूट आरक्षियों ने मुख्यमंत्री जी के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील एवं अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया।

<u>पुरस्कार एवं सम्मानः</u>

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा बाह्य विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रिक्रूट महिला आरक्षी कु. आरती, ममता यादव, वंदना, रीमा, रीना, सफितुन्निशा, वर्णिका, कविता रानी एवं **बाह्य विषय में टॉपर रही दीक्षा चौधरी को पुरस्कृत** किया गया।

अन्तः विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रिक्रूट महिला आरक्षी रश्मि शुक्ला, दीक्षा चौधरी, शिवानी गोस्वामी, उमा चौधरी, निशा शर्मा, कंचन, प्रिया दर्शनी, मौनी एवं **अन्तः विषय में टॉपर रही कविता रानी को पुरस्कृत** किया गया।

अन्तः एवं बाह्य विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सर्वांग सर्वोत्तम रही दीक्षा चौधरी को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले अध्यापक **निरीक्षक श्री जगदीश प्रसाद को सर्वश्रेष्ठ अन्तःविषय प्रशिक्षक एवं आईटीआई श्री जितेन्द्र सिंह को सर्वश्रेष्ठ बाह्य प्रशिक्षक का पुरस्कार** प्रदान किया गया।

रिजर्व पुलिस लाइन्स, बरेली में दिनांक 21.07.2025 से 783 रिक्रूट महिला आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया था। रिक्रूट महिला आरक्षियों को रानी अहिल्याबाई छात्रावास एवं रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास में आवासित किया गया तथा भोजन व्यवस्था हेतु 04 मैसों का संचालन किया गया। महिला आरक्षियों को 27 आईटीआई, 14 पीटीआई एवं अन्तःविषय के 20 निरीक्षक/उपनिरीक्षक अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षियों ने पूर्ण मनोयोग एवं रुचि के साथ विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, जैसे जंगल एवं फील्ड क्राफ्ट, आधुनिक शस्त्रों का उपयोग, कम्प्यूटर एवं साइबर अपराध आदि का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। अन्तः एवं बाह्य परीक्षा में 65 महिला आरक्षियों द्वारा 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए गए।

इस अवसर पर श्रीमती अंशिका वर्मा, पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी), श्री मुकेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक (उत्तरी), सुश्री सोनाली मिश्रा, एएसपी/क्षेत्राधिकारी (आरटीसी), प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सर्वोत्तम प्रशिक्षकगण

क्र0सं0	**प्रशिक्षण का विषय**	**नाम**
1	अध्यापक अन्तः विषय	निरी0 श्री जगदीश प्रसाद
2	बाह्य विषय	आईटीआई श्री जितेन्द्र सिंह

बाह्य विषयों मे पुरस्कार पाने वाले नवप्रशिक्षित महिला आरक्षी

क्र0सं0	**नाम**	**अन्तः विषय**
1	कु0 आरती	शारीरिक प्रशिक्षण
2	ममता यादव	पदाति प्रदाति प्रशिक्षण
3	वंदना	शस्त्र प्रशिक्षण
4	दीक्षा चौधरी	जंगल प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट एवं टैक्टिक्स
5	रीमा	भीड़ नियंत्रण
6	दीक्षा चौधरी	यू0ए0सी0
7	रीना	योगासन
8	सफितुन्निशा	यातायात नियंत्रण
9	वर्णिका	आतंकवाद व डकैती निरोधक प्रशिक्षण
10	कविता रानी	विशिष्ट तलाशी अभियान
11	दीक्षा चौधरी	बाह्य विषय टापर

<u>अन्तः विषयों मे पुरस्कार पाने वाले नवप्रशिक्षित महिला आरक्षी</u>

क्र0सं0	नाम	अन्तः विषय
1	रश्मि शुक्ला	पुलिस का इतिहास
2	दीक्षा चौधरी	पुलिस विज्ञान प्रथम
3	शिवानी गोस्वामी	पुलिस विज्ञान द्वितीय
4	उमा चौधरी	भारतीय संविधान
5	निशा शर्मा	बीएनएस/बीएनएसएस 2023
6	कंचन	विविध अधिनियम
7	प्रिया दर्शनी	कम्प्यूटर ज्ञान एवं साइबर क्राइम
8	मौनी	विधि चिकित्सा शास्त्र
9	कविता रानी	अन्तः विषय टापर
सर्वांग सर्वोत्तम	**दीक्षा चौधरी**	